अमर उजाला
बरेली
मंगलवार, 13 मई 2025

PAGE NO 4 : BOTTOM

उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्सों को किया सम्मानित

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग दिवस पर केक कटा। एसआरएमएस ट्रस्ट अध्यक्ष देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने नर्सों की भूमिका को बताया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्स सम्मानित हुईं। केयरिंग हैंड्स क्लब की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

स्किट के जरिये नर्सों के जीवन के संघर्ष, समर्पण, करुणा को दर्शाया। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और पुरस्कार दिए गए। आईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (कर्नल) आरपी सिंह ने समर्पण को सराहा। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. मुथू माहेश्वरी, डिप्टी मेट्रन नीतू, एसोसिएट प्रोफेसर मयंक कुमार मौजूद रहे। संवाद